जन्म मथुरा में लोगे कन्हैया

जन्म मथुरा में लोगे कन्हैया,
तुम्हें गोकुल में आना पड़ेगा....

खुल जाएंगी बेरी हथकड़ी,
टूट जाएंगे जेलों के ताले,
जमुना को भी झुकना पड़ेगा,
तुमको गोकुल में आना पड़ेगा.....

गोकुल में बाजे बधाई,
यशोदा ने लाला जाए,
खुशियों का खजाना लूटेगा,
तुमको गोकुल में आना पड़ेगा....

नंद बाबा खुशी मनावे,
यशोदा माँ पलना झूलामें,
नंद भवन में ढोल बजेगा,
तुमको गोकुल में आना पड़ेगा.....

ब्रह्मा जी वेद सुनामे,
नारद जी वीणा बजामे,
भोले का डमरू बाजे गा,
तुमको गोकुल में आना पड़ेगा.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/28563/title/janam-mathura-me-loge-kanhayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |